ई-मेल द्वारा

महानिदेशालय कारागार, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक-सामान्य/बजट घोषणा/2021-22/82740-850 दिनांकः- 24.02.2021

1-उप महानिरीक्षक कारागार रेंज,जयपुर,जोधपुर एवं उदयपुर
2-समस्त अधीक्षक/उपाधीक्षक,प्रभाराधिकारी,केन्द्रीय/जिला/
उच्च सुरक्षा कारागृह/महिला बंदी सुधारगृह/उप कारागृह/
बाल बंदी सुधार गृह/खुला बंदी शिविर,राजस्थान

विषयः-विधानसभा में माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा बजट भाषण में कारागार विभाग की बजट घोषणा संख्या 232

महोदया/महोदयगण,

आज माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा विधानसभा में अपने बजट भाषण 2021-22 में कारागार विभाग की प्रस्तावों के संबंध में निम्न घोषणाएं की गई है:-

232. प्रदेश की जेलों में बुनियादी सुविधायें बेहतर करने के क्रम में कैदियों के रहने की बैरक, भोजनशाला एवं शौचालयों इत्यादि की मरम्मत-सुदृढ़ीकरण, 40 खुले बंदी शिविरों में 240 आवासों का निर्माण, 26 जिला कारागृहों में एम्बुलेंस एवं सुरक्षा उपकरण जैसे Non Linear Junction Detector (NLJD) इत्यादि उपलब्ध कराने तथा उच्च सुरक्षा कारागार, अजमेर के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकीकरण संबंधी कार्य करवाये जाने प्रस्तावित हैं। इन पर लगभग 31 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत आयेगी।

अतः माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा वर्ष 2021-22 के बजट भाषण में कारागार विभाग के लिए की गई उक्त घोषणाएं आप सभी को प्रेषित कर लेख है कि इसी सप्ताह में बंदियों एवं अधीनस्थ कार्मिकों की सम्पर्क सभा लेकर उक्त घोषणाओं से सभी को अवगत करवाने का श्रम करें।

भवदीय,
24.2.2021
(राजीव दासोत)
महानिदेशक कारागार
राजस्थान,जयपुर

प्रतिलिपि-निम्नांकित को बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1-अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, कारागार, राजस्थान, जयपुर।
2-महानिरीक्षक पुलिस कारागार, राजस्थान, जयपुर।

3-महानिरीक्षक कारागार, राजस्थान, जयपुर।

4-वित्तीय सलाहकार, महानिदेशालय कारागार, राजस्थान, जयपुर

5-अधीक्षक (तकनीकी/भवन/क्रय/भण्डार)महानिदेशालय कारागार,राजस्थान, जयपुर।

6-प्रभारी कन्ट्रोल रूम, महानिदेशालय कारागार, राजस्थान, जयपुर को समस्त कारागृहों को ई-मेल करने हेतु।

7-प्रभारी कम्प्यूटर शाखा, महानिदेशालय कारागार, राजस्थान, जयपुर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

महानिरीक्षक पुलिस कारागार
राजस्थान, जयपुर